दिन–शनिवार | दिनांक– 15 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. पूरे प्रदेश में आज रंगों का त्योहार होली परंपरागत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

03. मुंगेर में एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

04. और, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– एनडीए की सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध। पुलिस अधिकारी की हत्या में शामिल अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

---

–––म्यूजिक–––

रंगों का त्योहार होली आज भी पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। प्रदेश में होली को लेकर हर तरफ उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि लोगों ने सुबह में एक दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर और शाम में अबीर लगाकर होली मनाई। बच्चों में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। होली पर ढोल और मंजीरा जैसे पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्रों और होली को समर्पित फाग गीतों की गूंज से पूरा वातवारण होलीमय नजर आया।

–––म्यूजिक–––

---

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में होली सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गयी।

–––रिपोर्ट–––

भागलपुर जिले में रंगो का त्यौहार होली धूमधाम से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही लोग होली के रंगो में डूबे नजर आए। बच्चों से लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों ने होली का जश्न जमकर मनाया। गली– मुहल्ले में लोग होली गीत गाते गाते देखे गए। होली और रमजान को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से बिनोद कुमार।

रोहतास में कई स्थानों पर होली गीतों के साथ मटका फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

---रिपोर्ट---

होली का पर्व रोहतास जिले में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने अपने घरों और गलियों में रंगों की बौछार की और एक दूसरे को रंग.गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कई जगहों पर होली गायन तो कही मटका फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। होली के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। त्योहार को देखते हुए अस्पताल में चिकित्सा की विशेष व्यवस्था की गई थी। आकाशवाणी समाचार के लिए रोहतास से चंदन कुमार।।

बेतिया में लोगों ने एक दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

---रिपोर्ट--पश्चिम चंपारण, पटीसी--- 39 सें.

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में होली का त्योहार सम्पन्न हुआ। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। होली पर परंपरागत झाल मंजीरे और फाग गीतों से पूरा वातावरण होलीमय नजर आया। होली पर गंगा जमुनी तहजीब को जिंदा रखते हुए मुस्लिम भाइयों ने भी इसमें हिस्सा लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

समस्तीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के रोसड़ा में वृंदावन होली कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का विशेष केंद्र रहा।

---रिपोर्ट---

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने होली पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है तथा समाज में एकता, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है। राज्यपाल और लेडी गर्वनर ने राजभवन में बच्चों के साथ होली मनाई। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में अपने आवास पर नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता से मुलाकात कर होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अपने संदेश में कहा है कि होली प्रेम, सौहार्द और आनंद का प्रतीक है। उन्होंने होली के अवसर पर लोगों के जीवन में खुशियां और रिश्तों में मधुरता की कामना की। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने होली पर सभी को बधाई दी। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि रंगों का यह त्योहार सभी लोगों का जीवन सुखमय बनाए और बिहार विकास के नये पथ पर आगे बढ़े।

---

होली के दूसरे दिन पटना सिटी में होला मोहल्ला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तख़्त श्री हरिमंदिर साहिब से सिख संगत की टीम शबद कीर्तन करते हुए कंगन घाट गुरुद्वारा होते हुए बाललीला गुरुद्वारा पहुंची। ग्रन्थी बाबा जरनैल सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी ने इस परंपरा की शुरुआत की थी, जिसमें सिख योद्धा युद्ध अभ्यास का प्रदर्शन करते थे। इसी की याद में हर वर्ष होला मोहल्ला मनाया जाता है।

---

होली पर्व को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए। होली के मद्देनजर अस्पतालों और अग्निशमन विभाग भी अलर्ट पर रहे। पटना के पीएमसीएच और एनएमसीएच में आज ओपीडी सेवा बंद रही, जबकि आपातकालीन सेवा जारी है।

---

पूर्व मध्य रेल की ओर से होली के बाद अपने—अपने गंतव्यों को जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कई विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया है कि पटना से नई दिल्ली के बीच वंदे भारत विशेष ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को छोड़कर इक्कीस मार्च तक चलेगी। राजेन्द्र नगर—नई दिल्ली क्लोन स्पेशल ट्रेन गुरूवार को छोड़कर इकतीस मार्च तक चलेगी। पटना—नई दिल्ली सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन अठारह मार्च तक प्रतिदिन किया जाएगा। पटना—पुरी स्पेशल ट्रेन उनतीस जून तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को चलेगी। वहीं, पटना—विशाखापत्तनम ट्रेन का परिचालन सत्रह, चौबीस और इकतीस मार्च को पटना से होगा। दानापुर—कोटा होली स्पेशल ट्रेन कल रात दानापुर से नौ बजकर पंद्रह मिनट पर खुलेगी। दानापुर—लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन सोलह और अठारह मार्च को दानापुर से शाम सवा छह बजे रवाना होगी। भागलपुर—नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन सत्रह और बीस मार्च को भागलपुर से दोपहर ढाई बजे खुलेगी। कटिहार—अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन सत्ताईस मार्च तक प्रत्येक गुरूवार को किया जाएगा।

---

मुंगेर के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार ने कहा है कि एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी गुड्डु कुमार समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के

नंदलालपुर में मारपीट की घटना को सुलझाने गए एएसआई पर आरोपियों ने कल हमला कर दिया था। उन्होंने बताया कि घायल एएसआई की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

———बाइट———

इधर, मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

———बाइट———

वहीं, मुंगेर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से आज एएसआई सतोष कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

---

बिहार पुलिस संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने मृतक एएसआई के परिवार को उचित मुआवजा और उनके आश्रित को नौकरी देने की मांग सरकार से की है।

———बाइट———

पिछले दो दिनों में बिहार पुलिस के दो अधिकारियों की हत्या से पुलिस विभाग शोक में है। उल्लेखनीय है कि तेरह मार्च को अररिया जिले के फुलकाहा में पदस्थापित एएसआई राजीव रंजन की भी अपराधियों ने हत्या कर दी थी।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार पर निशाना साधा है। श्री यादव ने आज पटना में कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। पुलिस विभाग से लेकर आम लोगों तक कोई भी अपराधियों से सुरक्षित नहीं है।

———बाइट———

इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अपराधी कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि एनडीए की सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाइट———

---

इधर, पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के खासपुर गांव में पुलिस पर हमला के मामले में एएसआई विवेक कुमार यादव की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एएसआई ने अपने बयान में कहा है कि होली के अवसर पर सिपाहियों के साथ छितनावां से मनेर ड्यूटी पर जाने के दौरान खासपुर गांव के पास कुछ बदमाशों ने उनपर हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस के कपड़े फाड़ दिये गये और उनके हथियार छीनने की कोशिश की गयी। हालांकि स्थानीय लोगों के जमा होने के बाद आरोपी फरार हो गए।

---

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अधिकतम तापमान तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस से छत्तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। राज्य के अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. पूरे प्रदेश में आज रंगों का त्योहार होली परंपरागत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

03. मुंगेर में एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

04. और, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– एनडीए की सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध। पुलिस अधिकारी की हत्या में शामिल अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।